सं0-भा0ति0सी0पु0 बल/41वीं वा0/स्था-2/कॉ./के.एस.(वा.कै.)भूपेन्द्र सिंह/2024- 1710

कार्यालय सेनानी, 41वीं वाहिनी, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस
गृह मंत्रालय/भारत सरकार
विक्रम नगर कैम्प, पो0-तर्तुआ, जिला-खुर्दा(ओडिशा)
ई मेल-itcell41stbn@itbp.gov.in.

दिनांक :04.04.2024

नोटिस

दल संख्या 070345148 कॉस्टेबल/के.एस.(वा.कै.) भूपेन्द्र सिंह नेगी, 'प्रबन्धक' समवाय, 41वीं वाहिनी भातिसीपु बल सुपुत्र श्री मोति सिंह, पता-भट्ट बिल्डिंग नियर रंगोली, डाकघर-रानीखेत, जिला- अल्मोडा, राज्य-उत्तराखंड, पिन-263645 को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 20.01.2024(पूर्वा.) से बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति एवं पूर्व सूचना के 41वीं वाहिनी कैम्प परिसर से ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहे है। आपको समय-समय पर अपनी ड्यूटी पर आमद देने हेतु इस कार्यालय के कार्यालय ज्ञापन संख्या 177-83 दिनांक 23.01.2024 एवं कार्यालय ज्ञापन संख्या 249-55 दिनांक 29.01.2024 एवं 577-81 दिनॉंक 06.02.2024 के तहत आपको 41वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पुलिस बल मुख्यालय, विक्रम नगर कैम्प, तर्तुआ, खोर्धा (ओडिशा) में उपस्थित होने के लिए बार-बार निर्देश दिये गए हैं, परंतु आप वाहिनी मुख्यालय, 41वीं वाहिनी में आमद नहीं हुए। इसके अलावा भा.ति.सी. पुलिस बल अधिनियम 1992 की धारा 72 एवं 73 में दिए गए प्रावधानों के अनुरूप में 41वीं वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस बल के पत्रांक संख्या 219-30 दिनांक 19.02.2024 के तहत पुलिस अधीक्षक, जिला- अल्मोडा, राज्य-उत्तराखंड को आपको गिरफ्तार कर एम.डी.एस. अल्मोडा/41वीं वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस को सुपुर्द करने हेतु अनुरोध किया गया, परंतु पुलिस विभाग द्वारा अभी तक आपको इस वाहिनी के सुपुर्द नहीं किया गया है न ही आप स्वंय अभी तक वाहिनी मुख्यालय में ड्यूटी हेतु आमद हुए है।

02. आप दिनांक 20.01.2024(पूर्वा.) से कैम्प परिसर से अनुपस्थित होने के कारण इस कार्यालय के आदेश संख्या 464 दिनांक 21.02.2024 के तहत अवकाश से अनुपस्थित होने के कारणों का पता लगाने हेतु न्यायिक जॉच समिति का गठन किया गया एवं गठित न्यायिक जॉच समिति की संस्तुति के आधार पर 41वी वाहिनी के आदेश संख्या 1353-67 दिनांक 11.03.2024 के तहत आपको दिनांक 20.01.2024(पूर्वा.) से बल से भगौडा "Deemed to be a Deserter" घोषित किया गया है, जिसकी प्रति पंजीकृत डाक के माध्यम से आपके गृहनगर के पते पर भेजी जा चुकी है। इसके अतिरिक्त इस कार्यालय के पंजीकृत पत्र संख्या 1632 दिनांक 27.03.2024 के तहत आपको कारण बताओ नोटिस (Show Cause Notice) भी जारी किया गया है।

3. दल संख्या 070345148 कॉस्टेबल/के.एस.(वा.कै.) भूपेन्द्र सिंह नेगी, 'प्रबन्धक' समवाय, 41वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पुलिस पुत्र श्री मोति सिंह को पुनः सूचित करते हुए निर्देशित किया जाता है कि इस नोटिस के समाचार पत्र में प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर ड्यूटी हेतु अपनी आमद 41वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पुलिस बल, विक्रम नगर कैम्प, तर्तुआ, जिला-खोर्धा, ओडिशा में दें अथवा अपने बचाव पक्ष में दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और तदानुसार उचित आदेश पारित कर दिये जायेगें।

(हेमन्त कुमार)
उप सेनानी/एडजुटेन्ट
41वी वाहिनी, भा.ति.सी.पुलिस बल

CBC 19112/11/0020/2425